MATS

एम.ए. (अनुवाद अध्ययन)

सत्रीय कार्य (द्वितीय वर्ष)

2016

जनवरी 2016 और जुलाई 2016 सत्रों में
प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए

अनुवाद अध्ययन एवं प्रशिक्षण विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

एम.ए (अनुवाद अध्ययन) (MATS)

एम.टी.टी. 018 – 021

सत्रीय कार्य 2016

(जनवरी 2016 और जुलाई 2016 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए)

कार्यक्रम कोड : एम.ए.टी.एस.

प्रिय विद्यार्थियो,

जैसा कि एम.ए. (अनुवाद अध्ययन) में कार्यक्रम की 'कार्यक्रम दर्शिका' में आपको बताया गया है, एम.ए. (अनुवाद अध्ययन) कार्यक्रम में पढ़ाई के साथ–साथ आपको कुछ सत्रीय कार्य भी करने हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक–एक सत्रीय कार्य करना है। इस अध्ययन कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में आपको कुल 8 पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य करने हैं। ये सत्रीय कार्य आपकी आंतरिक परीक्षा है तथा इनमें न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः इन्हें ध्यानपूर्वक और पूरे परिश्रम के साथ हल करें। प्रत्येक पाठ्यक्रम में सत्रीय कार्यों का विभाजन इस प्रकार है :

कार्यक्रम	अध्ययन केंद्र पर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	
	जनवरी 2016 में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए	जुलाई 2016 में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए
एम.टी.टी. 018 अनुवाद एवं अंतर्सांस्कृतिक अध्ययन	30.9.2016	31.3.2017
एम.टी.टी. 019 अनुवाद की राजनीति	30.9.2016	31.3.2017
एम.टी.टी. 020 अनुवाद प्रक्रिया	30.9.2016	31.3.2017
एम.टी.टी. 021 अनुवाद प्रशिक्षण	30.9.2016	31.3.2017

उद्देश्य : एम.ए. (अनुवाद अध्ययन) कार्यक्रम के अंतर्गत अनुवाद सिद्धांत, परंपरा, भाषाविज्ञान, अनुवाद के क्षेत्र, मीडिया एवं साहित्य, भारतीय भाषाएँ, अंतर्सांस्कृतिक संप्रेषण तथा कोशविज्ञान एवं पारिभाषिक शब्दावली और अनुवाद के संबंध पर विचार करते हुए उसके प्रक्रियापरक पहलुओं पर चर्चा की गई है। सत्रीय कार्य का मुख्य उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य–सामग्री को कितना समझा है और आप उसे कहाँ तक व्यवहार में ला सकते हैं। यानी आपको इस योग्य बनाना है कि अध्ययन के दौरान जो जानकारी आपको प्राप्त हुई है उसे अपने शब्दों में विधिवत् प्रस्तुत कर सकें और अनुवाद को एक अध्ययन विधा के रूप में भली प्रकार से समझ सकें।

सत्रीय कार्य करते समय ध्यान रखने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बातें

- उत्तर के लिए फुलस्केप कागज का ही इस्तेमाल करें।
- प्रत्येक सत्रीय कार्य के लिए अलग उत्तर–पुस्तिका बनाएँ। इस तरह आपके आठ सत्रीय कार्यों के लिए आठ उत्तर–पुस्तिकाएँ होंगी; और
- अपनी उत्तर–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के दाहिने कोने के सबसे ऊपर नीचे दिए प्रारूप के अनुसार अपनी नामांकन संख्या एवं पूरा पता लिखें तथा तिथि सहित हस्ताक्षर करें। अपनी नामांकन संख्या की पुष्टि अपने परिचय–पत्र तथा पाठ्य–सामग्री पर दिए गए पते से भी कर लें।
- अपनी उत्तर–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के बाएँ कोने पर कार्यक्रम का शीर्षक, पाठ्यक्रम का कोड, उसका शीर्षक, सत्रीय कार्य कोड तथा अध्ययन केंद्र का नाम लिखें।

आपका सत्रीय कार्य इस प्रकार आरंभ होना चाहिए :

कार्यक्रम का शीर्षक : ..... नामांकन संख्या : .....

नाम : .....

पता : .....

.....

.....

.....

पाठ्यक्रम कोड : .....

पाठ्यक्रम का शीर्षक : .....

सत्रीय कार्य कोड : ..... हस्ताक्षर : .....

अध्ययन केंद्र का नाम : ..... तिथि : .....

- पाठ्यक्रम कोड तथा सत्रीय कार्य के कोड सत्रीय कार्य पर मुद्रित होते हैं और वहीं से देखकर लिखे जा सकते हैं। प्रत्येक उत्तर के पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।
- अपने उत्तर केवल फुलस्केप कागज पर लिखें और उन्हें अच्छी तरह नत्थी कर दें। बहुत पतले कागज पर न लिखें। कागज के बायीं ओर पर्याप्त हाशिया छोड़ते हुए एक तथा दूसरे उत्तर के बीच कम से कम 4 पंक्तियों का स्थान छोड़ें।

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

इन सत्रीय कार्यों में आपसे तीन तरह के प्रश्न पूछे गए हैं। लंबे निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में और लघु निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों तथा टिप्पणीपरक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में देने हैं।

- प्रत्येक सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़ें और उसमें यदि कोई विशेष निर्देश दिए गए हों तो उनका पालन करें। जिन इकाइयों पर सत्रीय कार्य आधारित हैं उन्हें भी ठीक से पढ़कर संदर्भों से मिला लें। प्रश्न के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी का संकलन कर उसे व्यवस्थित करके अपने उत्तर की रूपरेखा बनाएँ। तत्पश्चात् संगत जानकारी पर आधारित अपने उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें।
- सैद्धांतिक प्रश्नों को पहले भली–भाँति समझ लें तत्पश्चात् विभिन्न संकल्पनाओं का भी अध्ययन करें और उत्तर का खाका तैयार करें। इन प्रश्नों का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष के संबंध में विशेष ध्यान दें। प्रस्तावना संक्षिप्त एवं यह स्पष्ट करने वाली होनी चाहिए कि इस प्रश्न से आप क्या समझते हैं और आप क्या लिखने जा रहे हैं। निष्कर्ष में उत्तर का सार एवं मुख्य बिंदुओं पर जोर होना चाहिए। आवश्यक हो तो विश्वविद्यालय द्वारा दी गई अध्ययन सामग्री के अलावा विषय से संबंधित अन्य पुस्तकों, संदर्भों आदि का भी अध्ययन करें। आपके उत्तर सत्रीय कार्य में दिए गए प्रश्नों से संबद्ध हों तथा उसमें निहित सभी मुख्य बातें शामिल हों।

सत्रीय कार्य समर्पण से पूर्व इन बिंदुओं पर भी ध्यान दीजिए :

क) आपके उत्तर आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति उत्तर के पूर्णतया अनुकूल हो।

ख) आपके उत्तर अनावश्यक रूप से विस्तारित या संक्षिप्त न हों।

ग) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से वर्तनी और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

घ) आपके उत्तर हस्तलिखित होने चाहिए। आपके उत्तर विश्वविद्यालय द्वारा आपके पास भेजी गई इकाइयों की नकल न हों। यदि आप ऐसा करते हैं तो कम अंक मिलेंगे।

ङ) अन्य विद्यार्थियों के उत्तरों से नकल न करें। यदि यह पाया जाता है कि आपने नकल की है तो आपके सत्रीय कार्यों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

च) प्रत्येक सत्रीय कार्य को अलग–अलग लिखें। प्रत्येक उत्तर के साथ उसकी प्रश्न संख्या भी अवश्य लिखें।

छ) सत्रीय कार्य को पूरा करके इसे अपने अध्ययन केंद्र में जमा कराएँ। सत्रीय कार्य की उत्तर–पुस्तिका को किसी भी स्थिति में विद्यापीठ या मुख्यालय के विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग को मूल्यांकन के लिए न भेजें।

ज) सत्रीय कार्य को जमा कराते समय निर्धारित प्रेषण एवं पावती कार्ड पर अध्ययन केंद्र से प्राप्ति दर्ज करा लें ताकि उसे आप परीक्षा फॉर्म के साथ संलग्न कर सकें अथवा अपने रिकॉर्ड में रख सकें।

झ) यदि आपने क्षेत्र/अध्ययन केंद्र को बदलने के संबंध में निवेदन किया है तो भी आप अपने सत्रीय कार्यों को अपने पहले के अध्ययन केंद्र में ही तब तक भेजते रहें जब तक कि विश्वविद्यालय की ओर से आपको क्षेत्रीय केंद्र बदलने/नए अध्ययन केंद्र की सूचना नहीं भेज दी जाती।

एम.टी.टी.–018 : अनुवाद एवं अन्तर्सांस्कृतिक अध्ययन
अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य
(टी.एम.ए.)

कार्यक्रम कोड : एम.ए.टी.एस.
पाठ्यक्रम कोड : एम.टी.टी–018
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.एस.टी/टी.एम.ए/2016

अंक : 50

नोट : भाग–I और II में शामिल सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग– I

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. संस्कृति का अभिप्राय समझाते हुए संस्कृति एवं संप्रेषण के बीच संबंध को रेखांकित कीजिए। 10

2. अनुवाद की प्रक्रिया के दौरान अंतर्सांस्कृतिक संप्रेषण में आने वाली बाधाओं पर विचार कीजिए। 10

भाग– II

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

3. अनुवाद एवं संप्रेषण व्यवहार पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 6

4. बहुसांस्कृतिक समाज में अनुवादक की भूमिका पर प्रकाश डालिए। 6

5. विचारों के प्रचार–प्रसार के प्रमुख कारण कौन–कौन से हो सकते हैं? समझाइए। 6

6. भूमंडलीय बाज़ार में भाषा के महत्व पर प्रकाश डालिए। 6

7. निम्नलिखित में से प्रत्येक पर कम से कम 100–100 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 2 x 3 = 6

   क) भाषा संप्रेषण के आधारभूत तत्व

   ख) अनुवाद, पर्यटन एवं अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार

एम.टी.टी.–019 : अनुवाद की राजनीति
अध्यापक जाँच संत्रीय कार्य
(टी.एम.ए.)

कार्यक्रम कोड : एम.ए.टी.एस.
पाठ्यक्रम कोड : एम.टी.टी–019
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.एस.टी/टी.एम.ए/2016

अंक : 50

नोट : भाग–I और II में शामिल सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग– I

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. उत्तर–उपनिवेशवादी विमर्श में अनुवाद की भूमिका की चर्चा कीजिए। 10

2. भक्ति साहित्य के संदर्भ में अनुकूलन के रूप में अनुवाद की भूमिका तथा प्रभाव पर लेख लिखिए। 10

भाग– II

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

3. विश्व साहित्य की अवधारणा में अनुवाद की क्या भूमिका है? 6

4. भारत में ईसाई मिशनरियों की अनुवाद गतिविधियों पर प्रकाश डालिए। 6

5. उपनिवेशकाल में दुभाषियों की भूमिका पर विचार प्रकट कीजिए। 6

6. भारत विद्या अनुशासन (इंडोलॉजी) के प्रमुख घटकों की समीक्षा कीजिए। 6

7. निम्नलिखित में से प्रत्येक पर कम से कम 100–100 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 2 x 3 = 6

   क) रूसी साहित्य अनुवाद

   ख) शेक्सपीयर का अनुवाद द्वारा भारतीयकरण

एम.टी.टी.–020 : अनुवाद प्रक्रिया
अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य
(टी.एम.ए.)

कार्यक्रम कोड : एम.ए.टी.एस.
पाठ्यक्रम कोड : एम.टी.टी.–020
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.एस.टी/टी.एम.ए./2016

अंक : 50

नोट : भाग– I और II में शामिल सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग– I

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. अनुवाद प्रक्रिया से क्या तात्पर्य है? अनुवाद संबंधी विभिन्न दृष्टियों का परिचय देते हुए नाइडा के अनुवाद प्रक्रिया प्रारूप की समीक्षा कीजिए। 10

2. अनुवाद पुनरीक्षण की आवश्यकता एवं प्रविधि पर विस्तार से चर्चा कीजिए। 10

भाग– II

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

3. अनुवाद समीक्षा और मूल्यांकन में अंतर्भेद कीजिए। 6

4. अनुवाद और सारानुवाद के विभाजक तत्वों की पहचान कीजिए। 6

5. अनुसृजन क्या है? विज्ञापनों के अनुवाद के सन्दर्भ में अनुसृजन की आवश्यकता की विवेचना कीजिए। 6

6. मशीनी अनुवाद के स्वरूप और चुनौतियों पर लेख लिखिए । 6

7. निम्नलिखित में से प्रत्येक पर कम से कम 100–100 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 2 x 3 = 6

   क) रूपांतरण

   ख) निर्वचन

एम.टी.टी.–021 : अनुवाद प्रशिक्षण
अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य
(टी.एम.ए.)

कार्यक्रम कोड : एम.ए.टी.एस.
पाठ्यक्रम कोड : एम.टी.टी–021
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.एस.टी/टी.एम.ए/2016

अंक : 50

नोट : भाग–I और II में शामिल सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग–I

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. प्रतिलिप्यधिकार का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा अनुवाद और रूपांतरण में उनके प्रयोजन पर प्रकाश डालिए। 10

2. भाषा के शाब्दिक और संदर्भगत अर्थ को आप क्या समझते हैं? मुहावरे एवं लोकोक्तियों के संदर्भ में इस पर विचार कीजिए। 10

भाग–II

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

3. अनुवाद के संदर्भ में भाषा और समाज के अंतर्संबंध पर विचार कीजिए। 6

4. बौद्धिक संपदा अधिकार की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। 6

5. अनुवादक के लिए सांस्कृतिक बोध क्यों आवश्यक है? समझाइए। 6

6. अनुवाद प्रशिक्षण के अभिप्राय एवं आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। 6

7. निम्नलिखित में से प्रत्येक पर कम से कम 100–100 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 2 x 3 = 6

   क) भाषा प्रयुक्ति

   ख) प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1996